# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/गोप./2021/746 दिनांक 26.04.2021

**अंतिम अवसर**

## // संशोधित-अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि स्नातक- बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी. प्रथम वर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा मार्च-अप्रैल 2021 (महाविद्यालयीन - असंस्थागत **{PRIVATE}, असंस्थागत भूतपूर्व, पूरक द्वितीय अवसर के** परीक्षार्थी) में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की संशोधित तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:-

| विवरण | **परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | तिथि एवं शुल्क विवरण | **B.A./B. Com** | **B.Sc.** |
| परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | असंस्थागत परीक्षार्थी का परीक्षा शुल्क | **1550/-** | **2150/-** |
| | असंस्थागत भूतपूर्व परीक्षार्थी का परीक्षा शुल्क | **1850/-** | **2450/-** |
| | पूरक द्वितीय अवसर का परीक्षा शुल्क | **820/- (प्रति विषय)** | **820/- (प्रति विषय)** |
| | नियमित शुल्क की अंतिम तिथि | **05.05.2021** | **05.05.2021** |
| परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | **06.05.2021** | | |

**महाविद्यालय के परीक्षार्थियों के लिए :-**

**उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/- रू. भूतपूर्व/पूरक परीक्षार्थी 80/- रू. एवं अग्रेषण शुल्क 50/- रू. तथा परीक्षा संचालन शुल्क 250/- रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। जिसमें से नियमित परीक्षार्थी 145/- रू. तथा भूतपूर्व / पूरक परीक्षार्थी 165/- रू. की राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा शेष अग्रेषण शुल्क एवं परीक्षा संचालन शुल्क की राशि 215/- रू. प्रति छात्र संबंधित महाविद्यालय द्वारा परीक्षार्थी से महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।**

नोटः- ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने बी.ए. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/- की अतिरिक्त राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर ऑनलाईन जमा की जावेगी।

**विशेष दिशा-निर्देशः-**

1. असंस्थागत परीक्षार्थी सर्वप्रथम नामांकन Enrollment करा कर नामांकन के आधार पर एमपी ऑनलाइन के किसी भी कियोस्क सेंटर से परीक्षा आवेदन-पत्र किसी भी शासकीय / अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय का चुनाव कर भर सकते हैं।

2. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन-पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय-समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी विषय-समूह के विषय समूहों में एवं महाविद्यालय को प्राप्त सम्बद्धता अनुसार ही परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन-पत्र एप्रूव करें।

## स्नातक प्रथम वर्ष (वार्षिक परीक्षा पद्धति) कक्षाओं हेतु विषय-समूहों का निर्धारण

### (अ) कला संकाय (बी.ए.)

| स.क्र. 1 | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम (FOUNDATION COURSE) |
|---|---|---|
| 2 | विषय समूह प्रथम | अंग्रेजी साहित्य/ संस्कृत/ उर्दू/ हिन्दी साहित्य/ फंक्शनल अंग्रेजी/ फंक्शनल हिन्दी |
| 3 | विषय समूह द्वितीय | इतिहास/ अर्थशास्त्र/ सांख्यिकी/ दर्शनशास्त्र |
| 4 | विषय समूह तृतीय | समाजशास्त्र/ सैन्यविज्ञान/ मनोविज्ञान/ गृहविज्ञान |
| 5 | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/ राजनीतिशास्त्र/ चित्रकला/ संगीत, वाद्य तथा नृत्य/ गणित/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन |

### (ब) विज्ञान संकाय (बी.एससी.)

| स.क्र. 1 | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम (FOUNDATION COURSE) |
|---|---|---|
| 2 | विषय समूह प्रथम | रसायनशास्त्र/ सांख्यिकी/ भूविज्ञान/ सैन्यविज्ञान/ इलैक्ट्रोनिक्स/ कम्प्यूटर साइंस आई.टी. (INFORMATION TECHNOLOGY) |
| 3 | विषय समूह द्वितीय | गणित/ प्राणिकी/ अर्थशास्त्र/FOOD & NUTRITION |
| 4 | विषय समूह तृतीय | भौतिकशास्त्र/ वनस्पतिशास्त्र |
| 5 | विषय समूह चतुर्थ | भूगोल/ इण्डिस्ट्रयल कैमेस्ट्री/ बायोकैमेस्ट्री/ इण्डिस्ट्रयल माइक्रोबायोलॉजी/ बायोटैक्नोलॉजी/ इनवायरमेंटल साइंस/ FORENSIC SCIENCE/ PHARMACEUTICAL CHEMISTRY/BIOINFORMATICS |

### (स) वाणिज्य संकाय (बी.कॉम)

| स.क्र. 1 | अनिवार्य विषय समूह | आधार पाठ्यक्रम (FOUNDATION COURSE) |
|---|---|---|
| 2 | विषय समूह प्रथम | लेखा समूह |
| 3 | विषय समूह द्वितीय | प्रबन्ध समूह |
| 4 | विषय समूह तृतीय | व्यावहारिक अर्थशास्त्र समूह/कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन समूह |

नोटः- बी.ए./बी.एससी. प्रथम वर्ष (वार्षिक परीक्षा पद्धति) के परीक्षार्थी आधार पाठ्यक्रम समूह के अतिरिक्त निर्धारित चार विषय समूहों में से किन्हीं तीन विषय समूहों में से तीन विषयों का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

**विशेष नोट -**

1. असंस्थागत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन-पत्र अग्रेषित करते समय प्राचार्यगण यह सुनिश्चित करें कि स्नातक नियमित (REGULAR CLASSES) बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की जिस कक्षा की उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता प्रदान की गयी है उन्हीं कक्षाओं के असंस्थागत छात्रों के परीक्षा आवेदन-पत्र अग्रेषित कर सकेंगे। अगर किसी महाविद्यालय को किसी विशेष नियमित कक्षा (REGULAR CLASSES) में संबद्धता प्राप्त नहीं, ऐसी स्थिति में स्वतः ही उपरोक्त कक्षा के परीक्षा आवेदन-पत्र निरस्त माने जावेंगे, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित अग्रेषित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

**परीक्षा नियंत्रक**

प्रतिलिपि :-

1. संपादक महोदय, दैनिक ............................................................ की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विष्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विष्वविद्यालय, ग्वालियर

**उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोप0)**